हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


4 राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कोरिया में निकली जागरूकता रथ





# 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

**6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी**



Advt.


## खबर संक्षेप

### दुर्गाशंकर विधायक प्रतिनिधि बने



**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत भरतपुर के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा को भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर विकासखंड का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) भरतपुर को जारी आदेश के अनुसार, मिश्रा विकासखंड भरतपुर की सभी बैठकों और आयोजनों में विधायक के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस नियुक्ति की जानकारी सभी विभाग प्रमुखों को दी जाएगी। जनपद पंचायत भरतपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी इस नियुक्ति से अवगत कराया गया है। यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों में समन्वय को मजबूत करने में सहायक होगी।

### कलाकारों का मानदेय वृद्धि स्वागतेय निर्णय

**मनेन्द्रगढ़।** छग लोक कलाकार कल्याण संघ जिला एमसीबी के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह ने वरिष्ठ कलाकारों के मानदेय को 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार किए जाने के छग सरकार के निर्णय की प्रशंसा की। उन्होंने साय सरकार को आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभी हाल में ही केबिनेट बैठक में यह कल्याणकारी एवं संवेदनशील निर्णय लिया गया है, जिसे लेकर समस्त लोक कलाकारों हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री श्री साय के इस निर्णय से आर्थिक संकट से जूझ रहे वरिष्ठ कलाकारों को काफी संबल मिलेगा। यह योजना वर्ष 1986 में शुरू हुई थी। उस समय यह सम्मान राशि 150 रूपए प्रतिमाह थी। 2007 में इसे बढ़ाकर 1500 रूपए, 2012 में 2000 रूपए किया गया था। पिछले कुछ वर्षों से लगातार इसमें वृद्धि की मांग की जा रही थी। सरकार संगठन की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेते हुए इसमें वृद्धि का निर्णय लिया है।



## मोबाइल छीन लेने पर छात्र ने लगाई फांसी

वार्ड क्र. 22 आमाखेरवा की घटना

# मोबाइल की लत ने छीना परिवार का चिराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के आमाखेरवा क्षेत्र में बीते दिवस छठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 12 वर्षीय नाबालिग छात्र ने मोबाइल छीन लेने पर आवेश में आकर बकरी बांधने वाली रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बच्चे के आत्मघाती कदम से परिवार का चिराग बुझ गया।

वहीं परिजन सदमें में हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 22 आमाखेरवा क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग छात्र एक निजी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा छठवीं में पढ़ता था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, उसे मोबाइल गेम की लत थी। बताया जा रहा है कि बच्चा अपने पिता व एक बहन के साथ घर पर रहता था और उसकी मां पुणे महाराष्ट में मजदूरी का काम करने गई थी। परिजन के अनुसार बच्चा मोबाइल पर गेम खेलने और यूट्यूब पर रील्स देखने का आदि था। स्कूल से लौटने के बाद वह रोज घंटों मोबाइल पर समय बिताता था। परिवार के लोग उसे मना करते थे, लेकिन वह किसी न किसी तरह घर वालों से मोबाइल ले लेता था। बीते 12 मई को उससे परिवार के एक सदस्य ने मोबाइल छीन लिया तो वह आवेश में आकर बकरी बांधने वाली रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बच्चे के इस आत्मघाती कदम से परिवार के लोग सदमें में हैं, उनका रो-रो कर बुरा हाल है। मोबाइल की लत ने परिवार का चिराग छीन लिया। यह घटना मोबाइल की बढ़ती लत की गंभीरता को दर्शाती है। मोबाइल अब जरूरत से कहीं आगे बढ़कर एक लत बन चुका है। यह न सिर्फ बड़ों बल्कि बच्चों को भी प्रभावित कर रहा है। बच्चों के व्यवहार में मोबाइल न मिलने पर बदलाव देखा जा रहा है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया है। मां के पुणे से लौटने के बाद मृतक बच्चे का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।



मृतक छात्र

### ट्रक की टक्कर से पिकअप सवार घायल

**अम्बिकापुर।** एनएच 43 लुचकी घाट के समीप उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप सवार लोगों को मामूली चोटें आई।

जानकारी के अनुसार सीतापुर की आ ओर से आ रहे ट्रक जैसे ही लुचकी घाट समीप निजी स्कूल के समीप पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गया जिससे चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच ट्रक सूरजपुर से सीतापुर की ओर जा रहे पिकअप को टक्कर मार सड़क किनारे झाड़ियों में घूस गई। अचानक ट्रक के टकरा जाने से पिकअप सवार भयभीत हो गए। गनीमत था पिकअप चालक के सजग होने के कारण सवार लोगों को मामूली चोटें आई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

# फायर डेमो के जरिए सीखी आग बुझाने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे।

कोरिया जिले के पुलिस बल को आपदा प्रबंधन और फायर सेफ्टी के प्रति प्रशिक्षित एवं सजग बनाने के उद्देश्य से रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में शुक्रवार को एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशानुसार जनरल परेड के उपरांत आयोजित इस सत्र में जिले के समस्त थाना, चौकी एवं शाखाओं से आए लगभग 125 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मानवजनित एवं प्राकृतिक आपदाओं विशेषत आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस बल को तैयार करना था। सत्र के प्रारंभ में अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की मूल अवधारणाओं, उनकी प्रकृति, प्रभाव और उनमें पुलिस की जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फायर स्टेशन बैकुंठपुर के प्रभारी बबलू प्रसाद एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित फायर डेमो रहा, जिसमें आग के विभिन्न प्रकारों जैसे-विद्युतजनित आग, रासायनिक आग, ठोस पदार्थों से उत्पन्न आग, ज्वलनशील तरल पदार्थों से फैलने वाली आग का वर्गीकरण कर उन्हें बुझाने की वैज्ञानिक और व्यावहारिक तकनीकें प्रदर्शित की गईं। फायर एक्सटिंग्विशर की संरचना, वाटर बेस्ड, ड्राई केमिकल पाउडर एवं सीओ टू आधारित यंत्रों के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित पुलिसकर्मियों को स्वयं अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर अभ्यास का अवसर दिया गया, ⏭ शेष पेज 4 पर

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना: रेणुका



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम कंजिया में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के तहत शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

■ कंजिया में 1348 आवेदन में 1183 निराकृत

शिविर में कंजिया सहित पतवाही, चाटी, डोगरीटोला, जमथान, घटई, मलकडोल और मन्नौढ़ ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। इस शिविर ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं और शिकायत निवारण प्रणाली से सीधे जुड़ने का अवसर दिया, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को बल मिला। शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल जागरूकता अभियान पर विशेष चर्चा आयोजित की गई। ⏭ शेष पेज 4 पर

### रेल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के अपर कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार चिरमिरी-नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना के अंतर्गत 17 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित रेल मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस परियोजना के अंतर्गत ग्राम चिरईपानी, सरोला, बंजी, खैरबना, सरभोका एवं चित्ताझोर की ओर आने वाली निजी भूमि को अधिग्रहित किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के लिए रेलवे एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वेक्षण किया गया। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा 7 अप्रैल को पत्र के माध्यम से चिरमिरी-नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना के लिए प्रतिवेदित भूमि सूची उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-1, दपूमरे नार्थ बिलासपुर को भेजी गई, इसके आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यालय से पत्र 1 मई को प्रेषित किया गया, जिसके माध्यम से अधिग्रहण संबंधी सूचना राजपत्र में प्रकाशन के लिए भेजी गई।

# एसईसीएल की बिजली कटौती पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल के बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चरचा कॉलरी में बिजली कटौती को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। हाल ही में ए स ई सी ए ल सतर्कता विभाग द्वारा बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए की गई कार्रवाई के तहत राजीव गांधी चौक से लेकर विवेकानंद चौक तक के कई क्षेत्रों में व्यापक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित की गई।

■ सतर्कता विभाग की कार्रवाई से उठा भेदभाव का सवाल

इस कार्रवाई में खास तौर पर झोपड़ियों और अस्थायी मकानों में रह रहे लोगों की बिजली तारें काट दी गइं, जबकि एसईसीएल क्वार्टरों में अवैध रूप से रह रहे लोगों की बिजली आपूर्ति यथावत बनी रही,इससे विभाग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने चरचा टाउनशिप में बिजली चोरी की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर यह अभियान चलाया। विभाग द्वारा पावर ऑडिट कराने, वास्तविक विद्युत आवश्यकताओं की समीक्षा करने और अवैध कनेक्शनों को तत्काल काटने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में असंतोष है। नागरिकों का कहना है कि यदि कार्रवाई की जाती है तो सभी अवैध उपभोक्ताओं पर समान रूप से होनी चाहिए, न कि वर्ग विशेष को निशाना बनाकर। पालिका क्षेत्र के कई स्थानों पर छग सरकार द्वारा संचालित सीजी लाइट की व्यवस्था नहीं है। ऐसी स्थिति में स्थानीय नागरिक अपनी आवश्यकताओं के लिए एसईसीएल की बिजली पर निर्भर हो जाते हैं। जब एसईसीएल बिजली कटौती करता है तो आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



**अध्यक्ष की पहल, कलेक्टर से की बातः** बिजली कटौती से उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कलेक्टर से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि चरचा कॉलरी सहित पूरे पालिका क्षेत्र में नागरिक बिजली कटौती से परेशान हैं और आवश्यक घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से अपील किया कि वे एसईसीएल के अधिकारियों से बात कर नागरिकों को राहत दिलाने का प्रयास करें। नपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही कोई सकारात्मक कदम उठाया जाएगा।

# छग में पहली बार सोनहत में पंच संघ का गठन



**सोनहत।** छग के पंचायत इतिहास में पहली बार सोनहत विकासखंड में पंचों की एकजुटता का नया अध्याय जुड़ गया है। 14 मई को जनपद पंचायत सोनहत के सामुदायिक भवन में विकासखंड की 42 ग्राम पंचायतों के पंचों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से पंच संघ के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित पंचों ने आपसी विमर्श और पंचायत स्तर पर अपनी भागीदारी एवं अधिकारों की मजबूती को ध्यान में रखते हुए पंच संघ की रूपरेखा तय की। छग में यह पहला अवसर है जब किसी विकासखंड में इस तरह का पंच संघ गठित किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेमसागर तिवारी ग्राम पंचायत केसगवां वार्ड क्रं. 9 को पंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। कन्हैया जायसवाल ग्राम पंचायत चकडांड को उपाध्यक्ष तथा लव प्रताप सिंह जूदेव ग्राम पंचायत सोनहत वार्ड वार्ड क्रं. 2 को संयोजक नियुक्त किया गया।

■ केसगवां के प्रेमसागर बने अध्यक्ष

### संघ करेगा पंचों के हक की पैरवी

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालते हुए प्रेमसागर तिवारी ने सभी पंचों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संघ पंचों की आवाज बनेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि संघ के माध्यम से पंचों के मानदेय में वृद्धि, अधिकारों की रक्षा, पंचायत कार्यों में सहभागिता और निर्णय प्रक्रिया में पंचों की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में सतत प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी बैठकों में पंच संघ की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, ताकि प्रत्येक क्षेत्र से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

⏭ शेष पेज 4 पर




# कान्स में चला टॉम क्रूज का जादू
# स्टैंडिंग ओवेशन मिला तो हुए भावुक

## 'मिशन इम्पॉसिबल 8' देख 5 मिनट बजती रहीं तालियां

*पेरिस। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग' के नाम रहा। दूसरे दिन जब टॉम क्रूज कान्स की रेड कार्पेट पर पहुंचे तो लोगों का शोर काफी बढ़ गया। इसके बाद 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग' का प्रीमियर हुआ। फिल्म को कान्समें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग' को स्टैंडिंग ओवेशन मिला और काफी देर तक लोग फिल्म की तारीफ में तालियां बजाते रहे। जिसे देखकर टॉम क्रूज भावुक हो गए।*



### निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने की तारीफ

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' के निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने और हमारा समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं इस असाधारण और कमाल के कलाकार को धन्यवाद देना चाहता। जब मैं आपको बताता हूं कि वे कितने असाधारण हैं, तो यह सिर्फ हर दिन काम पर आने के लिए नहीं था। यह फिल्म एक महामारी और दो इंडस्ट्री के हड़तालों के दौरान बनाई गई थी। ये दोनों फिल्में सात साल के समय में बहुत ही मुश्किलों के बीच बनाई गई थीं। यह फिल्म यहां खड़े इन सभी लोगों की कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं होती। यह दुनिया की सबसे असाधारण कास्ट है।' फिल्म के प्रीमियर के दौरान फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई।

### लोगों का जताया आभार

कान्स में 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' को मिली प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम काफी खुश और भावुक हो गई। मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी की आखिर कड़ी के साथ इस फ्रेंचाइजी को अलविदा कहते हुए टॉम क्रूज इमोशनल हो गए। दर्शकों के भारी समर्थन के लिए टॉम क्रूज ने उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हॉलीवुड स्टार ने कहा, 'यह प्रतिक्रिया ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। आप ही हैं जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। ये बड़े पर्दे का अनुभव ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं।'

### भारत में 17 मई को होगी रिलीज

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' भारत में दुनियाभर में रिलीज होने से छह दिन पहले 17 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के लिए टॉम ने अपने स्टंट का लेवल और अपग्रेड कर दिया है। भारत में फिल्म को लेकर दर्शकों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया दा सकता है कि फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही महज 24 घंटों के अंदर 11,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक फिल्म के 45 हजार टिकट बिक चुके हैं।

*78वां कान्स फिल्म महोत्सव 13 से शुरू हो चुका है और 24 मई तक चलेगा। हर साल कान्स में कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल होती हैं। देखिए कुछ भारतीय एक्ट्रेस के यादगार और स्टाइलिश लुक, जिन्होंने कान्स में बटोरी चर्चा। कान्सरेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार फैशन पल सिनेमा के साथ-साथ ग्लैमरस रेड कार्पेट लुक्स के लिए भी मशहूर है। भारतीय सितारों ने यहां अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचा है। आइए, बॉलीवुड के कुछ सबसे शानदार कान्स लुक्स पर एक नजर डालते हैं...*

# कान्स रेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार स्टाइल मोमेंट्स



**ऐश्वर्या राय बच्चन :** कई ब्रांड की ग्लोबल एंबेसडर ऐश्वर्या का 2017 का लुक सबसे खास था। उन्होंने माइकल सिन्को का फ्रॉस्टी ब्लू बॉल गाउन पहना, जो सिंड्रेला जैसा था। इसके ऊपर कढ़ाई, ट्यूल की परतें और प्लीट्स वाला यह गाउन वर्साय की पेंटिंग से प्रेरित था। यह परीकथाओं जैसा पल था। कान्स में ऐश्वर्या शामिल हो या ना हो, लेकिन उनकी चर्चा इस महोत्सव हो हो ही जाती है।




**दीपिका पादुकोण :** दीपिका ने 2022 में जुहैर मुराद का पारदर्शी आइवरी गाउन पहना था। फ्लोरल लेस, फिशटेल सिल्हूट और गहरी नेकलाइन वाला यह लुक बेहद शानदार था। लोरेन श्वाट्र्ज के हीरे के झुमके और निकोलस किर्कवुड हील्स ने इसे और खास बनाया। दीपिका का यह लुक आज भी चर्चा में है।


**सोनम कपूर :** सोनम ने अनामिका खन्ना की हल्की गुलाबी नेट साड़ी-ड्रेस में क्लासिक और ट्रेंडी लुक को पेश करती है। जिमी चू के जूते और फेरागामो क्लच के साथ उनका लुक हमेशा की तरह एक फैशनिस्टा लुक को दर्शाता है। सोनम का यह स्टाइल हर किसी को बेहद खूबसूरत लगा था।

**अदिति राव हैदरी :** अदिति ने गौरव गुप्ता के 2024 कलेक्शन से ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में रेड कार्पेट पर जादू बिखेरा था। उनका यह लुक बेहद यूनीक था। इस मखमली ड्रेप्स और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ उनका मिनिमल लुक ग्लैमर की शानदार पेशकश थी।

**अनुष्का शर्मा :** अनुष्का ने अपने डेब्यू में रिचर्ड क्विन की क्रीम रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस चुनी। साटन गाउन पर 3डी फ्लोरल डिजाइन और जालीदार काम ने इसे खास बनाया। चोपर्ड झुमके और साफ-सुथरी हेयरस्टाइल ने इस लुक को पूरा किया।



**प्रीति जिंटा :** प्रीति ने 2024 में विविएना लोरिकेट का "नायरा" गाउन पहना, जो मेट गाला में भी दिखा। सेक्विन, मोती और क्रिस्टल से सजा यह बैकलेस गाउन मरमेड स्टाइल गाउन बेहद ही खूबसूरत था, जिसे पहनने के बाद प्रीति की खूबसूरती ने चार चांद लगा दिए। फ्रिंज पर्ल ड्रॉप्स और सिल्क बो स्लीव्स ने इसे शानदार बनाया था।



## ट्रेलर देखकर पापा खुशी से रो पड़े...


**मुंबई।** सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर' से आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा ने कहा कि मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा। जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।



## अभिनेता से कहीं बढ़कर थे ओमपुरी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी ने आघात, आक्रोश, मंडी, चाइना गेट, भूमिका, मकबूल, डर्टी पॉलिटिक्स और अर्द्ध सत्य जैसी कई फिल्मों में एक साथ शानदार काम किया है। दोनों को एक सफल जोड़ी के रूप में भी माना जाता है। नसीरुद्दीन शाह ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी और ओम पुरी की फिल्म 'अर्द्ध सत्य' को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। नसीरुद्दीन ने एक्टर ओम पुरी की एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'कल रात अर्द्ध सत्य को बड़े पर्दे पर बहुत दिनों बाद फिर से देखा गया। सदाशिव और ओम दोनों ही अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में हैं। निकोलस रे ने बोगार्ट के बारे में जो कुछ कहा था, वह ओम पर भी लागू होता है, 'उनका चेहरा एक जीवंत निंदा था। वह एक अभिनेता से कहीं बढ़कर थे।

## 'हम साथ-साथ हैं' से लेकर कई बॉलीवुड फिल्में बताती हैं परिवार की अहमियत



**नई दिल्ली।** परिवार का साथ हो तो इंसान मुश्किल वक्त को सहजता से पार कर जाता है, परिवार का प्यार पाकर जिंदगी खुशियों से भर जाती है। इन्हीं बातों को और परिवार की अहमियत को हमारी हिंदी फिल्मों ने भी बड़ी खूबसूरती से बड़े पर्दे पर उतारा है।

***हम साथ साथ हैं :*** साल 1999 में रिलीज हुई सूरज बड़जात्या निर्देशित फिल्म 'हम साथ साथ हैं' एक हिट फैमिली ड्रामा मूवी है। यह फिल्म परिवार के प्यार और साथ की अहमियत को समझाती है। इस फिल्म की कहानी तीन भाइयों के अटूट रिश्ते पर आधारित थी। फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में सलमान खान, मोहनीश बहल, सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, करिश्मा कपूर, तब्बू, आलोक नाथ, रीमा लागू, नीलम कोठारी जैसे मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया।

***खोसला का घोंसला :*** फिल्म 'खोसला का घोंसला(2006)' कॉमेडी फिल्म जरूर रही, लेकिन दिबाकर बनर्जी निर्देशित इस फिल्म में परिवार की जो बॉन्डिंग दिखाई गई वह कमाल की है। इस फिल्म की कहानी दिल्ली में रहने वाले एक मिडिल क्लास आदमी किशोर खोसला (अनुपम खेर) की है। अनुपम खेर का किरदार और उनका परिवार कैसे एक बिल्डर खुराना (बोमन ईरानी) से अपनी कब्जा की हुई जमीन छुड़वाता है, यही फिल्म की कहानी है। इस फिल्म में परवीन डबास, विनय पाठक, रणवीर शौरी और तारा शर्मा जैसे एक्टर्स भी नजर आए। आगे चलकर इस फिल्म को बाद में तमिल और कन्नड भाषा में भी रीमेक करके बनाया गया।

***कभी खुशी कभी गम :*** करण जौहर निर्देशित फिल्म 'कभी खुशी कभी गम(2001)' की कहानी भी यह बताती है कि परिवार के बीच चाहे दूरियां आ जाए, उनका आपसी प्यार कभी कम नहीं होता है। फिल्म की कहानी में बिजनेस मैन यशवर्धन रायचंद (अमिताभ बच्चन) अपने गोद लिए बेटे राहुल को खुद से इसलिए अलग कर लेते हैं, क्योंकि वह अपनी पसंद की शादी कर लेता है। कई सालों तक पिता-पुत्र एक दूसरे से दूर रहते हैं। आगे चलकर राहुल (शाहरुख) का भाई रोहन (ऋतिक रोशन) अपने परिवार को करीबी लाता है।

## दादा साहब फाल्के की बायोपिक करने जा रहे आमिर

*दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी। तभी उनके नाम पर सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' रखा गया। दादा साहब के जीवन और फिल्मों को लेकर उनकी कहानी काफी रोचक है। अब ये कहानी बड़े पर्दे पर भी नजर आएगी। दादा साहब फाल्के के ऊपर फिल्म बनने जा रही है।*

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा और फिल्मों के जनक कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के की कहानी अब हर किसी को पता चलेगी। क्योंकि, दादा साहब फाल्के के जीवन पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। जिन्होंने भारतीय फिल्मों को लाया, अब उन पर फिल्म लाने का काम करने जा रहे हैं बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान। थ्री इडियट्स और पीके जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली जोड़ी आमिर खान और राजकुमार हिरानी अब दादा साहब फाल्के के जीवन को पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं।



इस जोड़ी के इस फिल्म पर काम करने से लोगों को फिल्म से काफी उम्मीदें बंधने लगी हैं। दादा साहब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादा साहब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं साझा की हैं। आमिर खान और राजकुमार हिरानी के फिल्म के लिए फिर से साथ आने से इस फिल्म के बड़े स्तर पर बनने की उम्मीद है।

## टीवी मसाला



## अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में फिर की शानदार वापसी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'अनुपमा' काफी समय से टीआरपी लिस्ट में पिछड़ रहा था, लेकिन इसने 18वां हफ्ते में वापसी की है और इस बार पहला स्थान हासिल किया है। सीरियल 'अनुपमा' में रुपाली गांगुली लीड रोल में नजर आती हैं। यह सीरियल महिला दर्शकों के बीच काफी मशहूर है। 18वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। इसने सीरियल 'उड़ने की आशा' को इस बार पछाड़ा है। सीरियल 'उड़ने की आशा' काफी समय से टॉप पर बना हुआ था। इस हफ्ते 'उड़ने की आशा' को 1.8 की टीआरपी मिली है लेकिन यह दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने जगह बनाई है, 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 1.6 की टीआरपी मिली है। वहीं चौथे स्थान पर 'जादू तेरी नजर' सीरियल है, इसको 1.5 की टीआरपी मिली है। पांचवें स्थान पर 'लक्ष्मी का सफर' सीरियल है, इसे 1.5 की टीआरपी इस बार मिली है। कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 1.4 की टीआरपी मिली है, यह सीरियल कई सालों से दर्शकों को हंसा रहा है। अब भी इसकी कॉमेडी दर्शकों को पसंद आती है। वहीं 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' को 1.4 की टीआरपी इस हफ्ते मिली है। इसके अलावा 'मंगल लक्ष्मी' की टीआरपी 1.4 है। 'लाफ्टर शेफ 2' को 18वें हफ्ते में 1.3 की टीआरपी मिली है। यह सभी शो टॉप टेन शामिल हैं।

### सीआईडी के दया का हुआ भयानक एक्सीडेंट

**नई दिल्ली।** सीआईडी कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। शो का पहला सीजन कई सालों तक चला है और ये हर घर का हिस्सा बन गया था। दया, एसीपी प्रद्युमन या अभिजीत हो। हर किसी को लोगों ने भर-भरकर प्यार दिया है। ज्यादातर सेलेब्स को लोग उनके असली नाम नहीं, बल्कि शो के नेम से जानते हैं। दया, अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन लोगों के फेवरेट हैं। अब इस शो का दूसरा सीजन आया है और उसे भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इसी बीच दया का एक वीडियो वायरल हो रहा है जो एक्सीडेंट का सीन है और एसीपी प्रद्युमन का नाम लेकर रोता नजर आ रहा है। इस वीडियो को देखकर फैंस चौंक गए हैं। सीन नें दिखाया गया है कि दया का एक्सीडेंट हो गया है। उसे बहुत चोट आई है और वो हिल भी नहीं पा रहा है। उसके आस-पास आग भी है।



### 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों पर किया राज

# धार्मिक फिल्मों से अभिनेता महिपाल बने स्टार

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसे कई कलाकार हुए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में गहरा प्रभाव छोड़ा। इन्हीं एक्टर्स में महिपाल का नाम भी शामिल था, जिन्होंने स्टंट फिल्मों से लेकर भक्ति फिल्मों तक में शानदार काम किया। 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों में राज करने वाले महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद फिल्मी सफर साधारण स्टंट फिल्मों से शुरू होकर भक्ति और माइथोलॉजिकल फिल्मों में भगवान के किरदारों तक पहुंचा और महिपाल दर्शकों की नजर में एक स्टार बन गए। अभिनेता ने कई दिग्गज एक्ट्रेस के साथ भी काम किया था। 15 मई 2005 में महिपाल का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।*

### सिनेमा कॅरियर की शुरुआत

महिपाल भंडारी का जन्म 24 नवंबर 1919 को जोधपुर में हुआ था। महिपाल को बचपन से ही कला में खास रुचि थी। उन्होंने कॉलेज के दिनों में थिएटर के जरिए लोगों को अपनी एक्टिंग का कायल बना लिया था। साल 1942 में महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म 'नजराना' से अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, इस फिल्म से उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिली।

### स्टंट फिल्मों में भी किया काम

1950 के दशक की समाप्ति तक महिपाल की पहचान एक कुशल अभिनेता के रूप में हो चुकी थी। अभिनेता को बॉलीवुड में स्टंट फिल्मों के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने पारसमणि, जबक, कोबरा गर्ल, जंतर मंतर जैसी स्टंट फिल्मों में काम किया। इसके अलावा महिपाल ने अरेबियन नाइट्स थीम वाली फिल्में भी कीं, जिसमें अलीबाबा और 40 चोर, अलादीन और जादुई चिराग जैसी फिल्में शामिल थीं।



### चर्चित एक्ट्रेस के साथ किया काम

महिपाल का अभिनय करियर केवल धार्मिक फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने समय में 130 से अधिक फिल्मों में काम किया था। इस दौरान उन्होंने कई चर्चित अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। अभिनेता एक्ट्रेस मीना कुमारी के साथ 'श्री गणेश महिमा' फिल्म में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने माला सिन्हा, निरुपा रॉय जैसी अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। उनके साथ काम करना अपने आप में एक उपलब्धि माना जाता था।

### भगवान के रोल ने बदली किस्मत और मिली पहचान

महिपाल ने कई अहम रोल किए, लेकिन उन्हें असली प्रसिद्धि तब मिली, जब उन्होंने पौराणिक (माइथोलॉजिकल) फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया। एक दिन फिल्ममेकर होमी वाडिया के असिस्टेंट का कॉल आया, जिसने अभिनेता की जिंदगी बदल दी। श्री गणेश महिमा' फिल्म में महिपाल ने पहली बार गणेश भगवान का किरदार निभाया, जो हिट हुई और इसके बाद अभिनेता का कॅरियर चमक उठा। इस फिल्म के बाद महिपाल ने संपूर्ण रामायण , वीर भीमसेन, वीर हनुमान, हनुमान पाताल विजय , जय संतोषी मां जैसी धार्मिक फिल्मों में नजर आए, जो हिट साबित हुई। इन फिल्मों के बाद दर्शक अभिनेता को भगवान मानने लगे थे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर का आयोजन आज

**बैकुण्ठपुर।** विकासखंड़ सोनहत के ग्राम अकलासरई में 17 मई की सुबह 10 बजे से समाधान शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के बारे में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल में शासन की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### पीजी कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आज



**बैकुण्ठपुर।** शहर के शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रानी साहिबा तृप्तिदेवी बा का श्रद्धांजलि सभा 17 मई को शाम 5 से 7 बजे तक रखा गया है। इसमें सभी जिलेवासियों को आमंत्रित किया गया है। राज परिवार के महाराज राजदीप सिंहदेव ने उक्त जानकारी देते हुए सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित किया है।

### आदिवासी परिवार सब्जी उत्पादन से बना आत्मनिर्भर

**बैकुण्ठपुर।** मेहनत और सरकारी योजना की थोड़ी सी मदद किसी का जीवन कैसे बदल सकती है, इसका जीवंत उदाहरण है ग्राम पंचायत चकड़ांड के आदिवासी श्रमिक अन्ना सिंह। एक समय महज अकुशल मजदूरी करने वाले अन्ना सिंह अब आत्मनिर्भर कृषक बन चुके हैं और अपने खेतों में सब्जियां उगाकर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत चकड़ांड गांव निवासी अन्ना सिंह को वन अधिकार पत्र मिला था, लेकिन असमतल जमीन के कारण उस भूमि का उपयोग करना कठिन था, ऐसे में उन्होंने ग्राम पंचायत से अपनी भूमि के समतलीकरण और मेढ़बंदी की मांग की। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पंचायत को उनके ढाई एकड़ भूमि समतलीकरण का कार्य सौंपा गया, इसके लिए 1.34 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। इस कार्य के दौरान अन्ना सिंह के परिवार को 100 दिन का रोजगार मिला और गांव में कुल 500 रोजगार दिवस सृजित हुए। समतलीकरण के बाद अन्ना सिंह ने पारंपरिक सिंचाई स्त्रोत ढोड़ी के माध्यम से खेतों में सिंचाई कर सब्जी उत्पादन शुरू किया। दो महीनों में ही उन्होंने 10 हजार रूपए से अधिक की आय अर्जित की।।

### बीएसएनएल नेटवर्क ठप उपभोक्ताओं को परेशानी



**मनेन्द्रगढ़।** भारत संचार निगम लिमिटेड की लचर सेवाएं एक बार फिर चर्चा में हैं। वार्ड क्रमांक 9 गुरूद्वारा क्षेत्र में बीएसएनएल टॉवर लंबे समय से बंद पड़ा है, इसके कारण लगातार 10-15 दिनों से नेटवर्क पूरी तरह बाधित है। इस संबंध में क्षेत्र निवासी एवं बीएसएनएल के 35 वर्षों से सतत उपभोक्ता दिनेश्वर मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को एक लिखित आवेदन सौंपा गया है। शिकायत में बताया गया है कि उपभोक्ता के नाम से और पत्नी के नाम से बीएसएनएल के अंतर्गत पंजीकृत हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कोरिया में निकली जागरूकता रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

राष्टीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोरिया जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में डेंगू रोग की रोकथाम और जन-जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह उपस्थित रहे। यह रथ जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को डेंगू के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी



जागरूकता रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना करती कलेक्टर

देगा। इस वर्ष राष्टीय डेंगू दिवस की थीम है देखें, साफ करें, ढकें व डेंगू को हराने उपाय करें। इस संदेश के माध्यम से लोगों को उनके दैनिक जीवन में स्वच्छता और सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने जानकारी दी कि डेंगू एक गंभीर वायरल संक्रमण है, जो एडिस एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है और साफ, ठहरे हुए पानी में पनपता है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी, थकान, नाक और मसूड़ों से खून आना आदि शामिल हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि जिले के समस्त प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डेंगू की जांच एवं उपचार निःशुल्क रूप से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए घरों के आसपास जल जमाव न होने दें, कूलर का पानी नियमित रूप से बदलें, पानी की टंकियों को ढंककर रखें और अनुपयोगी वस्तुओं में पानी एकत्रित न होने दें। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैलियां, प्रचार रथ, पंपलेट वितरण, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक तथा माइक प्रचार जैसे विविध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें।

# विधायक ने टॉपर छात्रा को दी बधाई

**मनेन्द्रगढ़।** कभी खेत-खलिहानों और मिट्टी की महक से घिरे गांव नौढ़िया में भी ऐसा सूरज निकलेगा किसे पता था, लेकिन इस बार दसवीं बोर्ड परीक्षा में टॉप कर वंदना सिंह ने सिर्फ अपने परिवार नहीं, पूरे भरतपुर विधानसभा क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वंदना की इस उपलब्धि को सम्मानित करने भरतपुर विधायक श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उसके घर पहुंची। सादगी भरे माहौल में उन्होंने वंदना और उसके परिजन से मुलाकात की, पुष्पगुच्छ भेंट किया और मूंह मीठा कराकर बधाई दी।

विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने घोषणा की कि वे वंदना को व्यक्तिगत रूप से लैपटॉप देंगी, ताकि उसकी आगे की पढ़ाई तकनीक के साथ आगे बढ़े। इतना ही नहीं, भरतपुर और सोनहत ब्लॉक के अन्य 7 मेधावी छात्र-छात्राओं को भी लैपटॉप दिए जाएंगे। उत्साह केवल छात्रा तक सीमित नहीं रहा। वंदना के विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर के सभी शिक्षकों को 11,000 रूपए प्रोत्साहन राशि और विद्यालय के विकास के लिए 5 लाख रूपए की निधि देने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वंदना ने यह साबित कर दिखाया है। हमारा प्रयास रहेगा कि हर बेटी को पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिले। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने भी शिक्षकों और छात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता एक छात्रा की नहीं, पूरे विद्यालय परिवार की है। इस पूरे आयोजन में एसडीएम प्रीतेश राजपूत, बीईओ इस्माइल खान, भाजपा नेता दुर्गाशंकर मिश्रा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता और विद्यालय प्राचार्य दिवाकर तिवारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



### जेल में रहकर की पढ़ाई, 12 वीं में हासिल किए 57 प्रतिशत अंक

बैकुण्ठपुर। जिला जेल बैकुंठपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदी अमीन तिर्की ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच से सफलता हासिल की जा सकती है। जेल में रहते हुए 12 वीं की परीक्षा में शामिल होकर उसने 57 प्रतिशत अंक अर्जित किए और एक विषय में डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है। सहायक जेल अधीक्षक से मिली जानकारी के अनुसार अमीन तिर्की, जो कि थाना चरचा के अपराध क्रमांक 34/2025 के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में आरोपी है, 27 जनवरी 2025 से जेल में बंद है। जेल में आने के बाद उसने बताया कि वह 12 वीं का छात्र है। इस पर जेल प्रशासन ने उसके परिजन से संपर्क कर परीक्षा का प्रवेश पत्र मंगवाया और न्यायालय से परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्राप्त की। जेल प्रशासन की अनुमति और सहयोग से अमीन ने जेल में रहकर पढ़ाई जारी रखी और छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुआ।

# ग्रामीणों ने परियोजना के पक्ष में दिया खुलकर समर्थन



**अनूपपुर।** जिले के कोतमा तहसील अंतर्गत ग्राम छतई, मझटोलिया और उमरदा स्थित अनूपपुर थर्मल एनर्जी (म.प्र.) प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित 3200 (47800) मेगावाट कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर थर्मल पावर प्लांट के विस्तार के लिए गुरूवार को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आयोजित जनसुनवाई सफलता पूर्वक संपन्न हो गई।

अनूपपुर जिला के अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव एवं अनूपपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इसरार मंसूरी की उपस्थिति में छतई रोड, मझौली गांव में आयोजित इस लोक सुनवाई में परियोजना प्रभावित तीन गांवों छतई, मझटोलिया और उमरदा के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लगभग 1500 ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने परियोजना का खुलकर समर्थन किया।

# अस्थाई जिला अस्पताल विस्तार के लिए दुकानें तोड़ी गईं

**डोमनहिल।** एमसीबी जिला बनने के बाद से शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। इसीक्रम में शुक्रवार को हल्दीबाड़ी क्षेत्र में ग्रामीण बैंक से लेकर सेंट्रल बैंक तक के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए सड़क के दोनों ओर 5-5 मीटर की दूरी पर मार्किंग की गई। इस कार्रवाई के अंतर्गत जिन दुकानों एवं मकानों का हिस्सा इस निर्धारित सीमा में पाया गया, उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ बड़ा बाजार क्षेत्र में संचालित अस्थाई जिला अस्पताल के विस्तार के लिए 16 मई को नगर निगम अमले ने पुलिस प्रशासन एवं राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन दुकानों, जन औषधि केन्द्र सहित कुल तीन दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़ा। डिप्टी कलेक्टर शशि शेखर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल के चारों ओर एम्बुलेंस और पार्किंग सुविधा के लिए जगह की आवश्यकता थी। पूर्व में नवंबर 2024 में भी पांच दुकानों व एक सरकारी भवन को तोड़ा गया था। आज की कार्रवाई उसी क्रम में की गई है। प्रभावित दुकानदारों को पूर्व में नोटिस दिया गया था और कई दुकानदारों को वैकल्पिक रूप से तहसील कार्यालय के सामने दुकानें भी आवंटित की गई हैं।

■ **मनेन्द्रगढ़ मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**



# जनकपुर सीएचसी में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**जनकपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला की ब्लॉक भरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरके रमन की अध्यक्षता में राष्टीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम देखें साफ करें, ढके, डेंगू को हराने का उपाय करें रखी गई थी। कार्यक्रम में डॉ. रमन ने डेंगू से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि डेंगू रोग संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से होता है, हमें सोते समय नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि घर के भीतर रखे कूलर, फ्रिज जैसे स्थानों की सप्ताह में एक से दो बार स्वयं सफाई करनी चाहिए, ताकि मच्छर पनपने न पाएं। पीने वाले पानी को हमेशा ढक कर रखना चाहिए और घर के चारों ओर सफाई कर जमा हुए पानी को नालियों में निकलना चाहिए या उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डालना चाहिए, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी सुलेमान खान, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रभाकर तिवारी आदि शामिल रहे।



# पुराने वाहनों के लिए अनिवार्य हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से वाहन मालिक आरसी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर एचएसआरपी की बुकिंग एवं फिटमेंट करवा सकते हैं।

जिन वाहन स्वामियों का मोबाइल नंबर आरसी में अपडेट नहीं है, वे मौके पर ही मोबाइल नंबर भी अपडेट करवा सकेंगे। जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने जानकारी दी है कि दोपहिया वाहन के लिए 365.80 रूपए, तिपहिया वाहन के लिए 427.16 रूपए, हल्के मोटरयान के लिए 656.80 रूपए और भारी वाहन के लिए 705.64 रूपए शुल्क निर्धारित की गई है।

### दो दिवसीय शिविर झगराखांड़ में

**मनेन्द्रगढ़।** 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। लोगों की सुविधा के लिए जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट की बुकिंग एवं फिटमेंट कार्य के लिए 2 दिवसीय शिविर का आयोजन 17 मई व 18 मई तक कशफ इंटरप्राइजेज परिवहन सुविधा केन्द्र नगर पंचायत झगराखांड़ मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। आवेदन के लिए त्ब कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर अद्यतन कर आवेदन की प्रकिया निर्धारित फीस जमा कर पूर्ण की जा सकती है। मोबाइल नंबर अद्यतन न होने की स्थिति में मोबाइल नंबर भी अपडेट करा सकते हैं। वाहनों के प्रकार दोपहिया वाहन शुल्क 365.80 रूपए, तिपहिया वाहन शुल्क 427.16 रूपए, हल्के मोटरयान शुल्क 656.80 रूपए, भारी वाहन शुल्क 705.64 रूपए निर्धारित किया गया है, इसके अलावा एचएसआरपी नंबर प्लेट की बुकिंग स्वयं या जिले में स्थापित परिवहन सुविधा केन्द्र या चॉइस सेंटर के माध्यम से परिवहन विभाग के वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### फायर डेमो के...

जिससे उनकी व्यवहारिक दक्षता में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण सत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी श्यामलाल मधुकर, डीएसपी नेलशन कुजूर तथा आरआई नीतीश आर. नायर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस सत्र को ज्ञानवर्धक, प्रभावी और समयानुकूल बताते हुए भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### अंतिम व्यक्ति तक...

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व और घरेलू जल आपूर्ति से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में कुल 1348 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1183 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 165 आवेदन लंबित है। क्रेडा विभाग में 21 आवेदन आए थे, इसमें सभी का निराकरण किया गया। वहीं कृषि विभाग के 32 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें पात्र 15 में 9 निरस्त और 8 का निराकरण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 62 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 51 का निराकरण किया गया और 11 जिसका काम अभी प्रोसेस में है, इसके साथ ही मत्स्य विभाग में 2 आवेदन प्राप्त हुए और दोनों आवेदनों का निराकरण किया गया। ,लोक निर्माण विभाग 2 आवेदन प्राप्त हुए, और प्राप्त दोनों आवेदनों का निराकरण किया गया। शिक्षा विभाग से 10 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सभी का निराकरण किया गया। शिविर में वन विभाग के 6 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सभी का निराकरण किया गया। छग राज्य विद्युत मंडल 18 आवेदन प्राप्त हुए , जिसमें सभी का निराकरण किया गया। पशुपालन विभाग 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सभी का निराकरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में राजस्व विभाग को 132 आवेदन प्राप्त हुए ,जिसमें 130 का निराकरण किया गया और 2 लंबित है। खाद विभाग को 53 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 38 का निराकरण किया गया, और 15 लंबित है। आवास योजना के 173 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 2 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें सभी का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में छग शासन के पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने अपनी बात कही। उन्होंने 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की बात कहीं साथ ही स्कूल के शिक्षकों को 11 हजार और विधायक निधि से 5 लाख रूपए स्कूल में आवश्यक सामग्री एवं स्टैंड निर्माण के लिए देने की बात कहीं।

### छग में पहली बार...

पंचायत राजनीति में नया प्रयोग- छग में पंचायत स्तर पर ऐसा संघ गठन पहली बार हुआ है, जो पंचों की सामूहिक शक्ति को संगठित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह पहल न सिर्फ पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता को बल देगी, बल्कि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की मजबूती में भी सहायक सिद्ध होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

श्रद्धांजलि सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

KOREA STATE



रानी साहिबा तृप्ति देवी बा

पत्नी महाराज अम्बरीश सिंह देव जी ( लाल ईश्वर शरण सिंह देव जी )
का स्वर्गवास 08/04/2025 को हो गया है। जिनका
श्रद्धांजिल सभा 17 मई 2025 दिन शनिवार समय शाम 5 बजे से 7 बजे तक
शासकीय रामानुज प्रताप सिंह देव स्नात्कोत्तर महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छत्तीसगढ़ में रखा गया है।

शोकाकुल

महाराज राजदीप सिंह देव (पुत्र) महाराज कुवंरानी सोनाक्षी कुमारी सिंह देव (पुत्रवधू) राजकुमार जयवर्धन सिंह देव (पौत्र) राजकुमारी अद्विका कुमारी सिंह देव (पोत्री) राजकुमारी अनुराधा सिंह देव राणावत (पुत्री) राजकुमार महिपाल सिंह राणावत (पुत्री जमाईसाहब), ठाकुर साहब तखत सिंह जी राणावत (समधी साहब अनुराधा सिंह देव राणावत के ससुर साहब), भंवर कुमारी प्रियदर्शिनी सिंह राणावत (दोहिती) भंवर कुमार रुद्रांश प्रताप सिंह राणावत (दोहिता), स्वर्गीय महाराजा शिवमंगल सिंह जी देव, स्व. महाराजा रामानुज प्रताप सिंह जी देव, स्व महाराज लाल रामशरण सिंह जी देव, स्व महाराज लाल हरि शरण सिंह जी देव, स्व महाराजा भूपेन्द्र नारायण सिंह जी देव, स्व नृपेंद्र नारायण सिंह जी देव, स्व महेंद्र प्रताप सिंह जी देव, स्व डॉ. रामचन्द्र सिंह जी देव (कोरिया कुमार साहब)

एवं समस्त राजपरिवार कोरिया रियासत एवं भैयाथान गढी राजपरिवार छत्तीसगढ़
संपर्क करें- मो. 7999067574, 9660129111